मुख्य विकास अधिकारी जनपद गोरखपुर की अध्यक्षता में दिनांक 09.01.2024 को जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन शिरोपरि जलाशय निर्माण तथा पानी कनेक्शन के सत्यापन की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।

उपस्थिति

1—जिला कृषि अधिकारी
2—जिला कृषि रक्षा अधिकारी
3—सहायक आयुक्त, सहकारिता
4—प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी, क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान चरगांवा
5—भूमि संरक्षण अधिकारी, जल संसाधन
6—सहायक निदेशक, रेशम
7—जिला ग्रामोद्योग अधिकारी
8—जिला समन्वयक, कौशल विकास मिशन
9—अधीक्षक राजकीय उद्यान
10—भूमि संरक्षण अधिकारी, कृषि
11—समस्त खण्ड विकास अधिकारी
12—अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण
13—जिला कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0
14—समस्त, अवर अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण
15—समस्त नामित आई0एस0ए0
16— श्री सरोज जेना, डी0जी0एम0, एन0सी0सी0 व अन्य
17— प्रोजेक्ट मैनेजर, ऋत्विक कोया
18— टीम लीडर मेधज व अन्य

दिनांक 09—01—2024 को पूर्वान्ह 11.00 बजें से बैठक आहुत किया गया। बैठक मे उपरोक्त समस्त अधिकारी उपस्थित रहें।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गोरखपुर ने विकास खण्ड बड़हलगंज के ग्राम पंचायत सीधेगौर , पहोरिया, बेलवादाखिली, रामपुर गढ़वा, भीटीदूबे, महुआपार का निरीक्षण/सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराया गया है जिसमें ग्राम पंचायत सीधेगौर में बाउण्ड्रीवाल तीन तरफ बना है, गेट नहीं लगा है। ओ0एच0टी0 का कार्य अपूर्ण है। कनेक्शन 502 के सापेक्ष 250 दिया गया है। डी0जी0एम0 एन0सी0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त समस्त कार्य कराया जा रहा है तथा कनेक्शन की कार्यवाही की जा रही है जिसे एक माह में पूर्ण करा लिया जायेगा।

ग्राम पंचायत पहोरिया, बेलवादाखिली, रामपुर गढ़वा, भीटीदूबे, महुआपार में बाउण्ड्रीवाल का गेट नहीं लगा है। ओ0एच0टी0— मात्र खुदाई हुआ है। सोलर नहीं लगा है। एन0सी0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि ओवर हेड टैंक का कार्य पूरा होने पर गेट लगाया जाता है। बाउण्ड्रीवाल का गेट एक सप्ताह में लगा दिया जायेगा तथा भूमि विलम्ब से उपलब्ध होने के कारण कार्य विलम्ब से प्रारम्भ हुआ है ओ0एच0डी0 का कार्य कराया जा रहा है, जिसे शीघ्र ही पूर्ण करा लिया जायेगा।

इसी प्रकार विकास खण्ड गगहा के ग्राम पंचायत हटवा, बांसगगहा, राजपुर का निरीक्षण/सत्यापन किया गया जिसमें बाउण्ड्रीवाल का गेट नहीं लगा है। ओ0एच0टी0 का कार्य अपूर्ण है। सोलर नहीं लगा है कमियाँ पायी गयी है।

निर्देशित किया गया कि एन0सी0सी0 उक्त कार्य को निर्धारित अवधि के अन्दर कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया )

**प्रधानाचार्य क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान चरगॉवा** ने विकास खण्ड चरगॉवा के ग्राम पंचायत मानीराम, जंगल नाकिन, खुटहन खास, जंगल छत्रधारी, का निरीक्षण/सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराया गया है जिसमें ग्राम पंचायत में पाईप लाईन का कार्य अपूर्ण है, ओवरहेड का कार्य अपूर्ण है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्था को कार्यो में तेजी लाते हुये कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया)

**जिला समन्वयक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन** ने विकास खण्ड बेलघाट के निम्नलिखित ग्राम पंचायतो का निरीक्षण/सत्यापन किया गया जिसमें निम्नलिखित कमियॉ पायी गयी।

**बेलघाट**

ग्राम पंचायत कन्हौली :–नाली का कार्य एवं स्लूस वाल्व चैम्बर का कार्य अपूर्ण है।
ग्राम पंचायत बेलघाटः–गेट नहीं लगा है एवं पेंटिंग का कार्य नहीं हुआ है।
ग्राम पंचायत मकरहाः–टैंक संयोजन का कार्य नहीं हुआ है।

**कौड़ीराम**

ग्राम पंचायत जगरनाथपुरः–ओ0एच0टी0 का कार्य अपूर्ण है। पम्प हाउस तथा पेन्ट का कार्य भी पूर्ण हो चुका है परन्तु कलर खराब हो गया है, पाईप लाईन का कार्य अभी अपूर्ण है।
ग्राम पंचायत देवकलीः–पम्प हाउस एवं बाउण्ड्रीवाल का पेटिंग का कार्य नहीं हुआ है। पाईप लाईन का कार्य पूर्ण नहीं है। पानी नहीं चल रहा है।

कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त कमियों को एक माह के अन्दर ठीक करा लिया जायेगा।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित संस्था उक्त कमियों को ठीक करायें, हाउस कनेक्शन में पाईप जगह जगह टूट जाने की शिकायत प्राप्त होती है, जॉच कराकर ठीक कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपदस्तरीय अधिकारी आवंटित विकास खण्ड में प्रत्येक माह कम से कम 10 ग्राम पंचायतो का सत्यापन कर आख्या उपलब्ध करायें।

खण्ड विकास अधिकारियो द्वारा शिकायत की गयी की सभी जल निगम के अवर अभियन्ता, अपने कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत खण्ड विकास अधिकारी से सम्पर्क स्थापित नही करते है जिससे जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्माण कराये जा रहे परियोजनाओ में आने वाली कमियों के बारे में जानकारी नही हो पा रहा है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता अपने आवंटित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी से सम्पर्क बनाये रखे, तथा ग्राम पचायतो में आने वाले समस्याओ से अवगत कराये, जिससे उसका निराकरण कराया जा सकें। हाउस कनेक्शन के दौरान जो सड़के क्षतिग्रस्त हो गयी है उसे तत्काल मरम्मत कराया जाय, अन्यथा सम्बन्धित संस्था के विरूद्व एफ0आई0आर0 दर्ज करा दी जायेगी।

बैठक के अन्त में निर्देशित किया गया कि सभी खण्ड विकास अधिकारी हाउस कनेक्शन की सूची के अनुसार हाउस कनेक्शन का सत्यापन करते हुये रिपोर्ट एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

16/01/24

मुख्य विकास अधिकारी
गोरखपुर

पत्रांक 4060 /तद्दिनांकित। 16-1-2024

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1— जिलाधिकारी, गोरखपुर।

2— जिला विकास अधिकारी, गोरखपुर।

3— समस्त नामित नोडल अधिकारी जनपद गोरखपुर ।

4— समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद गोरखपुर ।

5— अधिशासी अभियन्ता, दशम खण्ड, जल निगम, ग्रामीण गोरखपुर।

6— मेसर्स एन0सी0सी0लि0 / मेसर्स ऋत्विक कोया, जनपद गोरखपुर।

7— मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0 लि0 जनपद गोरखपुर।

8— जिला कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0 जनपद गोरखपुर।

मुख्य विकास अधिकारी
गोरखपुर